तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 28.5 डिग्री

हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शनिवार, 25 मई 2024



11 कोर्ट परिसर के पास ट्रांसफार्मर में भीषण आग, दो गाड़ियां और दो बाइक जलकर राख





12 स्वीप अभियान में साहित्यकारों व कलाकारों का रहा उल्लेखनीय योगदान




## खबर संक्षेप

### पुलिस को देखकर शराब छोड़कर भागा

**बावल।** आचार संहिता के चलते शराब का ठेका बंद होने का फायदा उठाकर टांकड़ी ठेके के पास शराब बेच रहा एक व्यक्ति पुलिस को देखकर शराब छोड़कर भाग गया। पुलिस ठेके के पास शराब बेचने की सूचना के बाद मौके पर पहुंची तो शराब बेच रहा व्यक्ति वहां से भाग गया। पुलिस ने मौके से देसी व अंग्रेजी शराब के पव्वे और अध्धे बरामद करते हुए एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया।

### रात के समय घर से लापता हुआ युवक

**धारूहेड़ा।** मीरपुर में 20 युवक रात के समय घर से लापता हो गया। पुलिस शिकायत में सतबीर ने बताया कि 20 मई की रात को उसका बेटा रात को अपने कमरे में सो रहा था। करीब साढ़े 11 बजकर वह उठकर कहीं चला गया। इसके बाद उसने अपने बेटे की कई जगह तलाश की, परंतु उसका कोई पता नहीं चल सका। मीरपुर पुलिस चौकी ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद युवक की तलाश शुरू कर दी।

### मारपीट व धमकी देने का आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** बनीपुर में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मारपीट में घायल के बयान पर थाना बावल पुलिस ने गत 10 मई को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। मामले में जांच करने के बाद पुलिस ने बनीपुर निवासी नवीन कुमार को गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मकान के अंदर खड़ी दो बाइक ले गए चोर

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 में चोर एक मकान के अंदर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। दिल्ली के मयूर विहार निवासी रविंद्र ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह सेक्टर में अनिल कुमार के मकान में किराए पर रहता है। उसने अपनी बाइक मकान के अंदर खड़ी की थी। मौका पाकर चोर उसकी बाइक चोरी कर ले गए। पूछताछ करने पर पता चला कि इसी मकान में रहने वाले राहुल की बाइक भी चोरी हो गई। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### कंपनी में काम करने वाला युवक गायब

**कसोला।** सेक्टर-3 की एक कंपनी में काम करने वाला श्रमिक अचानक लापता हो गया। पुलिस शिकायत में कंपनी में काम करने वाले राजस्थान के जाटौली कदीम निवासी सुखदेव ने बातया कि उसके साथ पड़ोसी गांव ताफरा निवासी 32 वर्षीय अनिल काम करता था। वह 22 मई को अचानक लापता हो गया। उसने और उसके परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका।

### काम की तलाश में निकला युवक लापता

**रेवाड़ी।** करीब 6 माह पहले काम की तलाश में नोएडा गया एक 20 वर्षीय युवक लापता हो गया। पुलिस शिकायत में नया गांव जाटों वाला निवासी सुरेश ने बताया कि उसका बेटा योगेश दिसंबर 2003 में घर से नोएडा काम की तलाश में गया था। पहले वह फोन करता रहता था। करीब डेढ़ माह से उसका फोन बंद आ रहा है। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला।

### किरयाना स्टोर में शराब बेचते पकड़ा गया

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने आनंद नगर में किरयाना स्टोर में शराब बेचने के आरोप में दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार मक्खनलाल अपनी दुकान के काउंटर पर रखकर शराब बेच रहा था। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने उसे मौके पर ही काबू कर लिया। उसके कब्जे से 27 अध्धे देसी शराब व बीयर की बोतल बरामद हुई।

## जिले में 724589 वोटर्स के लिए बनाए गए 781 मतदान केंद्र, क्रिटिकल बूथों पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा

# मतदान कराने को बूथों पर पहुंची पोलिंग पार्टियां आज सुबह सात बजे से शुरू होगी ईवीएम की बीप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी







रेवाड़ी। मोबाइल पर ड्यूटी चार्ज की फोटो लेता कर्मचारी, गर्ल्स कॉलेज में ईवीएम व वीवीपैट लेते हुए कर्मचारी, मतदान केंद्र के लिए रवाना होती पोलिंग पार्टी। फोटो :हरिभूमि

गुरुग्राम संदीय क्षेत्र के लिए 25 मई को मतदान होना है। जिले में 503 लोकेशन पर 781 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें मतदान कराने के लिए करीब 4 हजार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। शुक्रवार को सेक्टर-18 के गर्ल्स कॉलेज से रेवाड़ी व बावल विधानसभा तथा जैन स्कूल से कोसली विधान सभा के लिए पोलिंग पार्टियां ईवीएम-वीवीपैट व अन्य चुनाव सामग्री लेकर भीषण गर्मी में अपने-अपने मतदान केंद्रों की ओर रवाना हो गई। लोकसभा चुनाव के चुनाव कराने के लिए पोलिंग पार्टियों को बसों से रवाना किया गया। पोलिंग पार्टियों में महिला कर्मचारी भी शामिल रही। इससे पहलें पोलिंग पार्टियों को महत्वपूर्ण जानकारी देकर ईवीएम व अन्य सामग्री सौंपी गई।

पिंकी बूथ पर केवल महिला पोलिंग स्टाफ

लोकसभा आम चुनाव के लिए जिले में 781 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। बावल में 257, कोसली में 274 तथा रेवाड़ी विस में 250 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। करनावास रावमावि लेफ्ट विंग तथा रेवाड़ी के सेक्टर-3 में बूथ नंबर 180 में पिंक बूथ, रेवाड़ी स्थित अंत्योदय भवन सेक्टर-1 में आदर्श पोलिंग बूथ, गुजरीवास राप्रावि, गुड़ियानी राकउवि लेफ्ट विंग तथा डूंगरवास अनुसूचित जाति चौपाल को पीडब्ल्यूडी ऑपरेटिड पोलिंग बूथ तथा बावल रावमावि लेफ्ट विंग, नाहड़ रावमावि नाहड़ नॉर्थ विंग तथा राकवमावि सेक्टर-4 रेवाड़ी लेफ्ट विंग को यूथ ऑपरेटिड पोलिंग बूथ बनाया गया है। पिंकी बूथ पर केवल महिला पोलिंग स्टाफ नियुक्त रहेगा।

### 2115 पुलिसकर्मियों की लगाई ड्यूटी

लोकसभा चुनाव कराने के लिए जिले में 2115 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। उनके साथ होमगार्ड की तैनाती पर भी रहेगी। 503 लोकेशन पर स्थित 781 बूथ पर मतदाता अपने मतदान का प्रयोग करेंगे। 3 लोकेशन पर स्थित वल्नरेबल-क्रिटिकल बूथ पर नॉर्म्स के अनुसार पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। इसके अलावा बीएसएफ 1 कंपनी अतिरिक्त तैनात रहेगी। जिले में कुल 55 पेट्रोलिंग पार्टी नियुक्त की गई है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के ओवरऑल इंचार्ज डीएसपी होंगे। इसके अलावा जिला स्तर पर 25 ईआरवी तैनात रहगी।

### युवा वोटर पहली बार करेंगे मतदान

लोकसभा चुनाव में जिले में 15707 युवा पहली बार अपने वोट का उपयोग करेंगे। रेवाड़ी विधानसभा में 4586 युवा वोटर, बावल विधान सभा में 4914 तथा कोसली विधान सभा में 6207 नए युवा वोटर अपने मताधिकार का पहली बार उपयोग करेंगे।

### 1056 घर बैठे कर चुके मतदान

रेवाड़ी, बावल व कोसली विधान सभा में 1056 दिव्यांग मतदाता व 85 प्लस आयु के बुजुर्ग घर बैठे बैलेट पेपर से मतदान कर चुके है, जिन्होंने घर से मतदान करने का विकल्प नहीं चुना है, वह मतदाता शनिवार को बूथ पर जाकर मतदान करेंगे। मतदाता सूची में बावल विधानसभा क्षेत्र में गांव जलियावास निवासी सूरत सिंह आयु 109 वर्ष, कोसली विधानसभा क्षेत्र में धवाना निवासी नारायणी देवी आयु 110 वर्ष तथा रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र में गांव गंगायचा अहीर निवासी कस्तूरी देवी आयु 106 वर्ष सबसे उम्रदराज वोटर के रूप में पंजीकृत हैं।

### कुल मतदाता सवा सात लाख से अधिक

जिले में गुरुग्राम व रोहतक लोकसभा क्षेत्र में 724589 मतदाता पंजीकृत है। विधानसभा क्षेत्र बावल, कोसली व रेवाड़ी में 378356 पुरूष, 346225 महिलाएं व 8 थर्ड जेंडर सहित 724589 वोटर हैं। बावल विस क्षेत्र में कुल 226534 मतदाता हैं, जिनमें 118279 पुरूष, 108254 महिलाएं व 1 थर्ड जेंडर, कोसली विस क्षेत्र में कुल 248574 मतदाता हैं, जिनमें 129809 पुरूष, 118764 महिलाएं व 1 थर्ड जेंडर तथा रेवाड़ी विस क्षेत्र में कुल 249481 मतदाता हैं, जिनमें 130268 पुरूष, 119207 महिलाएं व 6 थर्ड जेंडर हैं।

### यह डॉक्यूमेंट दिखाकर डाल सकते वोट

जिले में कई ऐसे वोटर भी है, जिनका नाम तो वोटर लिस्ट में है, लेकिन उनके पास वोटर आईडी कार्ड नहीं है। ऐसे वोटर पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस तथा अगर आप सेंट्रल और स्टेट गवर्नमेंट के कर्मचारी हैं या फिर, पीएसयू और पब्लिक लिमिटेड कंपनी में काम कर रहे हैं तो कंपनी की फोटो युक्त आईडी दिखाकर मतदान कर सकते है। इसके अलावा पैन कार्ड, आधार कार्ड, पोस्ट ऑफिस और बैंक की पासबुक, मनरेगा जॉब कार्ड, लेबर मिनिस्ट्री द्वारा जारी किया गया हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड, पेंशन कार्ड जिस पर आपकी फोटो लगी हो और अटेस्टेड हो, नेशनल पॉपुलेशन रजिस्ट्रार द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड तथा एमपी-एमएलए-एमएलसी की ओर से जारी आधिकारिक पहचान पत्र दिखाकर मतदान कर सकते है।

### पोर्टल पर सेल्फी अपलोड करने पर इनाम

लोकसभा चुनाव में वोट डालने के बाद परिवार के मतदाताओं की उंगली पर लगी नीली स्याही के साथ सेल्फी पोर्टल पर अपलोड करने पर इनाम भी दिया जाएगा। जिला स्तर पर ड्रॉ के माध्यम से प्रथम विजेता को 10 हजार रुपये, द्वितीय को 5 हजार रुपये व तृतीय विजेता को 2500 सौ रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा। इसके अलावा जिले के जिस स्कूल के विद्यार्थी सबसे अधिक सेल्फी अपलोड करेंगे, उस स्कूल को 25 हजार रुपये का विशेष पुरस्कार दिया जाएगा।

## रोमानिया में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी मंदोला की भव्या गुणवाल

हरिभूमि न्यूज. कुंड



भव्या गुणवाल।

गांव मंदोला निवासी भव्या गुणवाल ने अंतराष्ट्रीय जूनियर साइंस ओलंपियाड के लिए फाइनल स्टेज क्वालिफाई करते हुए स्पेशल मेरिट अवार्ड प्राप्त कर अपने जिले व देश का नाम रोशन किया है। भव्या ने अपनी छह सदस्यीय टीम के साथ अब दिसंबर माह में रोमानिया में आयोजित परीक्षा में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। भव्या के पिता डॉ. अनिल यादव व माता डॉ. सुमन यादव दोनों चिकित्सक हैं, जबकि दादा व नानी सेवानिवृत्त अध्यापक तथा नाना भारतीय सेना से सेवानिवृत्त उच्च अधिकारी हैं। भाई मुदित गुणवाल एमबीबीएस फाइनल का छात्र है। अंतरराष्ट्रीय जूनियर साइंस ओलंपियाड परीक्षा पांच फेज में आयोजित की जाती है और इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिए विषय का गहन अध्ययन किया जाना बेहद जरूरी है। भव्या हरियाणा राज्य की प्रथम छात्रा है, जिसने अंतरराष्ट्रीय जूनियर साइंस ओलंपियाड परीक्षा के विभिन्न सोपानों को सफलता पूर्वक पार किया है। भव्या का चयन हाल ही में हैदराबाद में आयोजित 15 दिवसीय कैंप में हुआ, जहां देश के विभिन्न प्रांतों से 36 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

डॉ. अनिल ने बताया कि भव्या की बचपन से ही विज्ञान विषय के प्रति रुचि रही है और समय-समय पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उसने अपनी बुद्धि का लोहा मनवाया है। भव्या ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार व गुरुजनों को दिया है।

### बस की बैट्री चोरी कर रहे थे, चालक पर पत्थर फेंककर भागे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

- पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी
- पत्थर बस के शीशे पर लगा, जिससे शीशा टूट गया

शिव नगर में एक बस की बैट्री चोरी कर रहे दो युवक चालक के पीछा करने पर पत्थर फेंककर भागने में कामयाब हो गए। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। खरखड़ा निवासी देवेंद्र ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह ट्रांसपोर्ट का काम करता है। उसने अपनी बसें झज्जर की एक कंपनी में लगाई हुई हैं। एक बस के चालक रामतीर्थ ने कंपनी का स्टाफ छोड़ने के बाद बस शिव नगर में एक समारोह स्थल के पास खड़ी की थी। रात को कार में आए दो-तीन युवकों ने बस की बैट्री चोरी कर ली। इसी दौरान उसकी नींद खुल गई। उसने दोनों युवकों को पकड़ने के लिए उनका पीछा करना चाहा। उनमें से एक ने उस पर पत्थर फेंका। पत्थर बस के शीशे पर लगा, जिससे शीशा टूट गया। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से चोरों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

## शिक्षक विक्रम एनसीसी के सहायक अधिकारी बने



रेवाड़ी। विक्रम रावत को सम्मानित करते अनिरुद्ध सचदेवा। फोटो :हरिभूमि

- प्रशिक्षण में देशभर से 612 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल के शारीरिक शिक्षक विक्रम रावत ने नागपुर महाराष्ट्र के कामप्ठी में 7 अप्रैल से 22 मई तक नेशनल कैडेट कौर अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी की ओर से आयोजित कोर्स में भाग लिया। इस प्रशिक्षण में देशभर से 612 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। 45 दिनों तक चले इस प्रशिक्षण में शिक्षक रावत ने अपने परिश्रम और सीखने के प्रति उत्साह से अधिकारियों को प्रभावित किया। उन्होंने शूटिंग प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसके लिए रावत को मेजर जनरल कपिल जीत सिंह राठौड़ की ओर से प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया गया। स्कूल निदेशक अनिरुद्ध सचदेवा ने विक्रम रावत की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनसे भविष्य में अपने विद्यालय में अधिक से अधिक छात्रों को एनसीसी के लिए प्रेरित कर प्रशिक्षित करने में अपना दायित्व निभाने का आह्वान किया।

### हमारी संस्कृति-हमारे संस्कार कार्यक्रम कल

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था की ओर से 26 मई को पंजाबी धर्मशाला में संस्कार निर्माण का कार्यक्रम 'हमारी संस्कृति-हमारे संस्कार' का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि एलिगेंट सिटी के निदेशक रवि गुप्ता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व जिला अध्यक्ष भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ प्रेमनाथ गेरा विशिष्ट अतिथि रहेंगे। संस्था की ओर से दीपेश भार्गव प्रधान बजाजा बाजार एसोसिएशन, नरेन्द्र जोशी जिला उपप्रधान विश्व हिन्दू परिषद् व समाजसेवी आदर्श राजपाल का विशेष अभिनंदन किया जाएगा। कार्यक्रम में उल्लेखनीय सेवा करने वाले साथियों को सम्मानित किया जाएगा।

## घर में घुसकर हमला करने का आरोप, महिला सहित तीन घायल

**डहीना।** गांव के एक घर में घुसकर हमला व तोड़फोड़ करने के आरोप में पुलिस ने 8 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। हमले में महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस बयान में अनीता ने बताया कि वह परिवार के साथ रात को घर में ही बैठी बातचीत कर रही थी। पड़ोस में रहने वाले अजय के घर सचिन, युवराज, अशोक, साहिल, गोलू व दो अन्य जोर-जोर से गालियां निकाल रहे थे। अनीता ने घर से ही आवाज लगाकर इन लोगों को गालियां देने से मना किया। अनीता ने आरोप लगाया कि मना करने के बाद यह लोग दरवाजा तोड़कर उसके घर में घुस गए। इन लोगों ने घर का सामान तोड़ना शुरू कर दिया। उसके हाथ से मोबाइल फोन छीनकर तोड़ दिया। इसके बाद उस पर व दिनेश और नरेंद्र पर हमला करते हुए जमकर मारपीट की। उसने इस सूचना पुलिस को दी। पुलिस के आने से पहले यह लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तीनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

**मौसम** हीटवेव का प्रकोप कुछ हद तक हुआ कम, आज फिर तापमान बढ़ने की संभावना

## पूर्वी दिशा से चली हवाओं से लुढ़का पारा, तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस की कमी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी



रेवाड़ी। शुक्रवार को गर्मी के कारण खाली पड़ा मोती चौक बाजार। फोटो :हरिभूमि

पूर्वी दिशाओं से चली हवाओं ने भारी लू के प्रकोप से थोड़ी राहत दिलाई है। तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस की कमी से हीटवेव का असर कुछ कम हो गया। रात के तापमान में भी कमी आई है। आसमान साफ रहने से के बावजूद वीरवार की अपेक्षा गर्मी का असर कुछ कम रहा। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन-चार दिन मौसम खुश्क रहेगा। एक बार फिर पश्चिम हवाओं के चलने से तापमान में वृद्धि के साथ हीटवेव का प्रकोप बढ़ेगा। आने वाले सप्ताह में तापमान 47 डिग्री तक पहुंच सकता है। शुक्रवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा। तेज धूप खिलने के साथ हवा की दिशा बदल गई। पूर्व दिशा से लगभग 13 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने के कारण अधिकतम तापमान 2 डिग्री की गिरावट के साथ 41 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। न्यूनतम तापमान 1.1 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 28.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते दस दिन के बाद तापमान में कमी आई है, जिससे लू का भारी प्रकोप शुक्रवार को अपेक्षाकृत कम रहा। हवा में नमी का स्तर 25 फीसदी तक रहने के कारण उमस अभी भी परेशान कर रही है। लू के प्रकोप से जन जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। दोपहर के समय बाजार सुनसान नजर आते हैं। सड़कों पर वाहनों का आवागमन भी काफी कम हो जाता है। लोग दोपहर के समय घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। गांवों में भी दोपहर के समय सन्नाटा छाया रहता है। गत वर्ष के मुकाबले इस बार मई माह तापमान काफी अधिक चल रहा है। गत वर्ष 24 मई के दिन अधिकतम तापमान 32.5 और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। लोगों को भारी लू के प्रकोप का सामना नहीं करना पड़ा था।

### आज से फिर चढ़ सकता है पारा

मौसम विभाग के अनुसार दो दिन पूर्व हल्की बूंदाबांदी के बाद हवाओं में बदलाव के चलते तापमान में जो कमी आई है, वह शनिवार से दूर हो सकती है। इससे तापमान में एक बार फिर उछाल आना शुरू हो जाएगा। अगले तीन-चार दिन तक मौसम खुश्क रहने के साथ ही तापमान 45 से 47 डिग्री तक पहुंच सकता है। लू का प्रकोप तेजी से बढ़ेगा, जिसका जनजीवन पर व्यापक असर पड़ेगा। आसमान में बादलों की संभावना भी दो-तीन दिन तक नहीं रहेगी।

### लोड बढ़ने से वोल्टेज की समस्या

भारी गर्मी के कारण जिले में बिजली की खपत काफी बढ़ गई है। एक दिन में 140 लाख यूनिट बिजली की खपत हो रही है। कूलर और एसी का लोड बढ़ रहा है। ट्रांसफार्मरों पर ओवरलोडिंग के कारण कम वोल्टेज की समस्या भी पैदा होने लगी है। इससे बिजली के उपकरणों की क्षमता कम हो रही है। बिजली की मांग में गर्मी के साथ अभी और इजाफा हो सकता है।

### बाइक की चपेट में आने से युवक की मौत

**कसोला।** मंगलेश्वर गांव के निकट बाइक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हुए युवक की रोहतक पीजीआई में मौत हो गई। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी। इब्राहिमपुर निवासी 45 वर्षीय चुन्नीलाल मंगलेश्वर गांव से पैदल अपने गांव की ओर जा रहा था। रास्ते में एक बाइक चालक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद चुन्नीलाल जमीन पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक चालक भी सड़क पर गिर गया, लेकिन बाद में वह उठकर वहां से फरार हो गया। सपरिजनों ने चुन्नीलाल को अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे गंभीरावस्था में रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया। शुक्रवार को पीजीआई में उसने दम तोड़ दिया।

# शानदार करियर ऑप्शन है जल विभाग में नौकरी



नालेज

यंगभूमि डेस्क

भारत में कार्यों को अलग-अलग विभाग के माध्यम से किया जाता है। भारत में पुलिस विभाग जिस प्रकार से अपना काम करता है। उसी प्रकार के जल विभाग के द्वारा जल से संबंधित कार्यों को भारत में किया जाता है। जल विभाग के कार्यों को करने के लिए भारत में जल विभाग की नौकरी और जल विभाग भर्ती का भी आयोजन नियमित रूप से किया जाता है। जल विभाग में भर्ती आने के पश्चात विद्यार्थी किस प्रकार से जल विभाग में नौकरी हासिल कर सकता है। इसके बारे में ज्यादातर लोगों को जानकारी नहीं है। आज के आर्टिकल में हम आपको जल विभाग में नौकरी के बारे में डिटेल में जानकारी देंगे।

## क्या होता है जल विभाग

सरकार का एक ऐसा डिपार्टमेंट जिसके माध्यम से जल संबंधित समस्त समस्याओं को दूर करने के कार्य किए जाते हैं। उसे जल विभाग कहते हैं। जल विभाग एक सरकारी विभाग है जो हर जिला में इसका मुख्यालय होता है। जल विभाग के जिले में स्थित कार्यालय की मदद से जिले में उत्पन्न होने वाली जल संबंधित समस्याओं को दूर किया जाता है।

### जल विभाग की नौकरी सरकारी

राज्य सरकार और केंद्र सरकार के द्वारा प्रतिवर्ष रिक्त पदों को ध्यान में रखते हुए जल विभाग में आवश्यक रिक्त पदों को पूरा करने के लिए सरकारी भर्ती का आयोजन किया जाता है। जल विभाग की सरकारी नौकरी के लिए विद्यार्थियों को 12 वीं पास होना अनिवार्य है। विद्यार्थियों को इस भर्ती में आवेदन लगाने और इस भर्ती के तहत जल विभाग में शामिल हो सकते हैं और जल विभाग में सरकारी नौकरी पा सकते हैं। जो विद्यार्थी जल विभाग में उच्च पदों पर नौकरी हासिल करना चाहते हैं। उन विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री करनी पड़ती है। उसके अकॉर्डिंग जल विभाग के अलग-अलग पदों पर आवेदन किया जा सकता है। जल विभाग भर्ती में एग्जाम होने के बाद इंटरव्यू भी होता है और एग्जाम पास करने वाली उम्मीदवारों को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए बुलाया जाता है और उसके पश्चात नियुक्ति पत्र प्रदान करवा कर जल विभाग में नौकरी दे दी जाती है।

## महत्वपूर्ण जानकारी

राज्य का जल संसाधन विभाग एक सरकारी विभाग यहां राज्य में जल की आपूर्ति पूरे करने का कार्य करता है। जल संसाधन विभाग के माध्यम से राज्य में पेयजल की आपूर्ति पूरी करने के साथ-साथ जहां पर जल के माध्यम से सिंचाई होती है। वहां सिंचाई हेतु जरूरी जल की आपूर्ति को पूरा करना होता है। कई बार जल विभाग के कर्मचारियों को पानी के टैंक और पाइपों की सफाई जैसे महत्वपूर्ण कार्य करने होते हैं। इतना ही नहीं नहर की सफाई के कार्य भी करवाने होते हैं। ताकि घरों तक पहुंचने वाला पेयजल शुद्ध पहुंचे।

### जरूरी योग्यता

- जल विभाग में नौकरी लेने वाले उम्मीदवार की उम्र 18 वर्ष से 30 वर्ष होना अनिवार्य है।
- जो उम्मीदवार जल विभाग में नौकरी लेने के लिए आवेदन करना चाहता है।
- वह भारत का नागरिक होना जरूरी है।
- उम्मीदवार के ऊपर किसी भी प्रकार का जुर्म होने का आरोप व पुलिस केस नहीं होना चाहिए।
- उम्मीदवार मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ होना अनिवार्य है।

## भर्ती होने की प्रक्रिया

जो उम्मीदवार जल विभाग भर्ती में आवेदन लगा कर चल विभाग में नौकरी पाना चाहता है। उस उम्मीदवार को जल विभाग में भर्ती होने की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी होना जरूरी है। जल विभाग में आने वाली भर्तियों में उम्मीदवार को आवेदन करने के बाद लिखित परीक्षा में भाग लेना होता है। लेकिन परीक्षा को पूरा करने के पश्चात उम्मीदवार को दूसरे चरण के तौर पर एक और लिखित परीक्षा में भाग लेना होता है। पहले लिखित परीक्षा में उम्मीदवार को सामान्य ज्ञान से संबंधित सवाल पूछे जाते हैं और दूसरी लिखित परीक्षा में उम्मीदवार के लिए विषय से संबंधित सवाल पूछे जाते हैं। जल विभाग के जिस पद पर उम्मीदवार नौकरी के लिए आवेदन करता है। उस पद से संबंधित सवाल दूसरे पेपर में पूछे जाते हैं। दोनों पेपर पास करने के बाद उम्मीदवार को तीसरे चरण के तौर पर साक्षात्कार के लिए भेजा जाता है। साक्षात्कार पास करने वाले उम्मीदवार को आगे जॉइनिंग लेटर देकर नौकरी पर नियुक्त कर दिया जाता है।

**कौन-कौन से पद होते :** भारत में जल विभाग में अलग-अलग पदों पर अलग-अलग भर्तियों का आयोजन किया जाता है। भारत में जल विभाग में कौन-कौन से पद होते हैं। इसके बारे में नीचे जानकारी दी गई है।

- इंजीनियर
- असिस्टेंट इंजीनियर
- जूनियर इंजीनियर
- लिपिक संवर्ग
- सफाई कर्मी
- ड्राइवर

**सैलरी :** जल विभाग में उम्मीदवार को कितनी सैलरी मिलती है। इसके बारे में बात की जाए तो जल विभाग में बहुत सारे अलग-अलग पद होते हैं। सफाई कर्मी से लेकर इंजीनियर के पद पर भी इस विभाग में उम्मीदवारों को चयनित किया जाता है। जल विभाग में उम्मीदवारों की सैलरी के बारे में बात करें तो उच्च श्रेणी पर कार्यरत उम्मीदवारों को 30000 से लेकर 67000 की सैलरी मिलती है और नीचे जूनियर और सफाई कर्मी के तौर पर काम करने वाले उम्मीदवारों को 15000 से 25000 तक की सैलरी मिल जाती है।

---

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में यह एक विशेष पद

# सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी की जॉब शानदार, चमका सकते हैं अपना करियर

## अच्छे वेतन के साथ मिलता सम्मान

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

स्वास्थ्य के क्षेत्र में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर का योगदान हमेशा अव्वल रहता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमेशा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सीएचओ ही हर प्रकार के मुद्दों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हमारे देश में



बहुत सारे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद है। जहां पर इलाके में रहने वाले लोगों के लिए फ्री में उपचार जैसी सुविधाएं प्रदान करवाई जाती है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अलग-अलग रैंक पर कई कर्मचारी और ऑफिसर कार्यरत होते हैं। मेडिकल क्षेत्र में सीएचओ एक बहुत ही सम्मानजनक पद है। कोई भी स्वास्थ्य संबंधित बीमारी व समस्या के दौरान ज्यादातर लोग सीधे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचते हैं और उनकी कंडीशन के आधार पर उन्हें आगे रेफर किया जाता है। आज के आर्टिकल में हम आपको सीएचओ क्या होता है और सीएचओ से जुड़ी डिटेल में जानकारी देंगे।



### क्या होता है सीएचओ

सीएचओ इस रैंक का एक संक्षिप्त नाम है, सीएचओ का फुल फोर्म कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर, जिसे हिंदी में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के नाम से पहचाना जाता है। भारत सरकार के द्वारा शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत देश भर में हर प्रकार की बीमारियों से लोगों को मुक्ति दिलाने के लिए अलग-अलग जगहों में जितने भी स्वास्थ्य उपकेंद्र थे। उन्हें आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हेल्थ एंड वेल्नेस सेंटर में बदल दिया गया है। इसकी वजह से एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में एक विशेष पद सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत शामिल किया गया है।

### क्या होता है काम

*जो व्यक्ति सीएचओ के पद पर कार्यरत है। उसे अपने गांव के प्रधान और एएनएम के साथ मिलकर उस गांव में हेल्थ संबंधित विशेष मुद्दों पर कार्य करना बीमारियों से जूझ रहे लोगों को स्वस्थ करने में अपनी भूमिका निभाना साथ ही साथ अलग-अलग तरह के अभियान भी गांव में चलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होती है। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के मुख्य कार्य के बारे में यदि हम बात करें तो ग्रामीण इलाके में स्वास्थ्य संबंधित सुविधाएं उपलब्ध करवाने के साथ-साथ मरीजों का इलाज करना और गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधित उचित सलाह और सामान्य शारीरिक एक्टिविटी को उनके स्वास्थ्य सुधारने के लिए उनकी दिनचर्या में शामिल करना इसके अलावा दुर्घटना की स्थिति में प्राथमिक उपचार उपलब्ध करवाते हुए आगे बड़े अस्पताल में गंभीर परिस्थिति में मरीजों को ट्रांसफर करना।*

### जरूरी योग्यताएं

- *सीएचओ बनने के लिए व्यक्ति के पास बीएससी नर्सिंग या फिर पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग की डिग्री होनी अनिवार्य है।*
- *उम्मीदवार जीएनएम की डिग्री लेकर सी एच ओ के पद के लिए खुद को योग्य बना सकता है।*
- *आवेदन करने वाले महिला व पुरुष की अधिकतम उम्र 35 वर्ष निर्धारित की गई है। हालांकि राज्य सरकार के द्वारा आरक्षित जातियों को अधिकतम आयु सीमा में कुछ छुठ भी प्रदान करवाई जा रही है।*
- *कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर बनने के लिए व्यक्ति के पास स्वास्थ्य के क्षेत्र में नर्सिंग ऑफिसर के तौर पर कम से कम 2 साल का अनुभव होना अनिवार्य है।*
- *जो उम्मीदवार सी एच ओ पद के लिए आवेदन करना चाहता है। उस उम्मीदवार का मानसिक रूप से स्वस्थ हो रहा अनिवार्य है।*
- *राज्य सरकार के द्वारा सी एच ओ की रिक्त पदों के अनुसार भर्ती का आयोजन किया जाता है। उस समय आप अपना एप्लीकेशन फोर्म भर सकते हैं। अलग-अलग समुदाय के विद्यार्थी अलग-अलग फीस के साथ इस भर्ती में दाखिल होकर सी एच ओ बन सकते हैं।*

### वेतन

*किसी राज्य में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी की सैलरी अधिक और किसी राज्य में कम हो सकती है। उदाहरण के तौर पर कर्नाटक राज्य में कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर की शुरुआती सैलरी 32500 और छत्तीसगढ़ राज्य में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी की सैलरी 31500 निर्धारित की हुई है। उसके पश्चात धीरे-धीरे आपकी सैलरी में बढ़ोतरी होती रहती हैं। जिस प्रकार से आपको प्रमोशन मिलता है। उसी प्रकार से आपकी सैलरी में भी बढ़ोतरी होती है।*



### सीएचओ कैसे बने

*आज के समय में विद्यार्थी जब पढ़ाई करते हैं, तो पहले से ही अपने लक्ष्य को निर्धारित कर लेते हैं। यदि विद्यार्थी अपने करियर लक्ष्य के तौर पर सीएचओ बनने का लक्ष्य निर्धारित कर चुके हैं। उनको सीएचओ कैसे बने इसके बारे में नीचे जानकारी दी गई है।*

### प्रवेश परीक्षा में भाग लें

आज के समय में 12वीं कक्षा पास करने के बाद बीएससी नर्सिंग के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन कराया जाता है। अतः आप 12वीं कक्षा पास करते ही बीएससी नर्सिंग के लिए प्रवेश परीक्षा में दाखिल होकर बीएससी नर्सिंग कोर्स के लिए कॉलेज में एडमिशन ले सकते हैं। यदि आप बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा में दाखिला नहीं ले पाते हैं। तो आप डायरेक्ट प्राइवेट कॉलेज में बीएससी नर्सिंग के लिए आवेदन कर सकते हैं। हालांकि वहां आपको अधिक फिस देनी पड़ सकती है।

### बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई पूरी करें

बीएससी नर्सिंग 4 साल की अवधि का एक मेडिकल कोर्स होता है। जिसमें आपको स्वास्थ्य संबंधित हर प्रकार की समस्या में किस प्रकार से मरीज का इलाज करना है। उसके बारे में संपूर्ण विस्तृत ज्ञान उपलब्ध करवाया जाएगा। जिसमें आपको 6 महीने की ट्रेनिंग भी दी जाएगी। ट्रेनिंग के दौरान आपको किसी सरकारी अस्पताल में 6 महीने तक नर्सिंग ऑफिसर के तौर पर ड्यूटी देनी होगी। जब बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई पूरी हो जाती है तो आपको बीएससी नर्सिंग का एक सर्टिफिकेट दिया जाएगा।

### स्वास्थ्य क्षेत्र में अनुभव प्राप्त करें

4 साल की अवधि का बीएससी नर्सिंग कोर्स पूरा करने के बाद आपको किसी सरकारी व प्राइवेट दफ्तर में नर्सिंग ऑफिसर पद के लिए ज्वाइन होने पड़ेगा। सी एच ओ बनने के लिए न्यूनतम 2 साल का स्वास्थ्य क्षेत्र में अनुभव होना अनिवार्य रखा गया है। इसके लिए आपको सरकारी व प्राइवेट दफ्तर में नर्सिंग ऑफिसर के तौर पर अनुभव प्राप्त कर रहा है और उसके पश्चात आपको अगले चरण की तरफ बढ़ना है।

### सीएचओ भर्ती में आवेदन लगाएं


इस प्रक्रिया के अंतिम चरण में आपको सी एच ओ की भर्ती का आयोजन राज्य सरकार के द्वारा किया जाता है। उस दौरान अपना आवेदन फॉर्म जमा करवाना है और लिखित परीक्षा में भाग लेते हुए सी एच ओ लिखित परीक्षा को पास करके सी एच ओ बनने का सपना पूरा करना होगा।

### क्या यह परमानेंट नौकरी है

आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सीएचओ कर्मचारियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शामिल किया गया है। लेकिन कई लोगों के मन में यह सवाल उत्पन्न होता है कि क्या सी एच ओ अधिकारी परमानेंट सरकारी अफसर होते हैं या फिर इन्हें निश्चित अवधि के लिए भी एक अधिकारी के तौर पर कार्यरत किया जाता है। तो आपको बताना चाहूंगा कि आयुष्मान भारत योजना की नई गाइडलाइन के अनुसार अगर कोई व्यक्ति लगातार कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर के तौर पर 6 साल तक काम करता है। तो उसे इतना ही नौकरी पर रख लिया जाता है व्यक्ति 6 साल का कार्यकाल पूरा करने के पश्चात प्रतियोगी एग्जाम में भाग लेकर भी प्रमोशन प्राप्त कर सकता है और उच्च पदों पर नौकरी हासिल कर सकता है।

---

# युवा वर्ग में देश का भविष्य निहित, राष्ट्र निर्माण में होती अति महत्वपूर्ण भूमिका



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

राष्ट्र निर्माण किसी भी देश की प्रगति और विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। इसमें युवाओं की भूमिका अति महत्वपूर्ण होती है क्योंकि युवा वर्ग में देश का भविष्य निहित होता है। सही मार्गदर्शन और प्रेरणा से युवा राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान सशक्त रूप से दे सकते हैं। इस दिशा में माता-पिता, शिक्षक और अच्छे मार्गदर्शक (मेंटर) की भूमिका अनिवार्य होती है। इनकी प्रेरणा और मार्गदर्शन से युवा अपने देश के विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। माता-पिता बच्चों के पहले शिक्षक होते हैं। वे बच्चों को जीवन के मूल्यों और नैतिकताओं का पाठ पढ़ाते हैं। माता-पिता का सही मार्गदर्शन बच्चों में आत्मविश्वास, आत्मानुशासन और देशप्रेम की भावना को प्रबल बनाता है।

## बच्चों को संस्कृति और परंपराओं से परिचित कराएं

माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों को अपने देश की संस्कृति, इतिहास और गौरवमयी परंपराओं से परिचित कराएं। यह उन्हें अपने देश के प्रति गर्व और सम्मान का भाव सिखाता है, जो उन्हें राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करता है।

**शिक्षकों की भूमिका :** शिक्षक समाज के शिल्पकार होते हैं। वे न केवल बच्चों को शिक्षा देते हैं बल्कि उन्हें समाज में एक सशक्त और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा भी देते हैं। शिक्षक बच्चों में नैतिकता, ईमानदारी, और सामाजिक जिम्मेदारियों की भावना को बढ़ावा देते हैं। सही शिक्षा और मार्गदर्शन से शिक्षक बच्चों को उनके व्यक्तित्व और कौशल को विकसित करने में मदद करते हैं, जिससे वे समाज और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को सही ढंग से निभा सकें।

**अच्छे मार्गदर्शकों की भूमिका :** अच्छे मार्गदर्शक या मेंटर युवाओं के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे अपने अनुभव और ज्ञान से युवाओं को सही दिशा दिखाते हैं। एक अच्छा मेंटर युवा के भीतर छिपी प्रतिभा को पहचान कर उसे सही मार्ग पर ले जाता है। मेंटरशिप का उद्देश्य युवाओं को उनके लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करना और उन्हें समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाना होता है। अच्छे मार्गदर्शक युवाओं को उनके व्यक्तित्व के विकास के साथ-साथ सामाजिक और राष्ट्रीय कर्तव्यों के प्रति जागरूक करते हैं।

**स्टार्टअप इंडिया :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 16 जनवरी 2016 को "स्टार्टअप इंडिया" अभियान की शुरुआत की। इस अभियान का उद्देश्य नवोन्मेष और उद्यमिता को बढ़ावा देना है। स्टार्टअप इंडिया के तहत युवाओं को अपने स्टार्टअप्स स्थापित करने में सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना के अंतर्गत उद्यमियों को वित्तीय सहायता, कर लाभ और अन्य सुविधाएं दी जाती हैं।

### नेतृत्व का प्रभाव

**युवाओं की भूमिका :** युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी संपत्ति होते हैं। उनमें ऊर्जा, उत्साह और नया सोचने की शक्ति होती है। जब युवा सही दिशा में कार्य करते हैं, तो राष्ट्र का विकास तीव्र गति से होता है। युवा अपने ज्ञान, कौशल और नये विचारों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। वे विज्ञान, तकनीक, कला, संस्कृति, खेल और समाजसेवा के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी भूमिका निभा सकते हैं। युवाओं का सही मार्गदर्शन और प्रेरणा उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करता है।

**आत्मनिर्भर भारत अभियान :** आत्मनिर्भर भारत अभियान" की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 मई 2020 को की थी। इसका उद्देश्य भारत को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। प्रधानमंत्री ने इस अभियान के तहत विभिन्न क्षेत्रों में सुधारों की घोषणा की और देशवासियों से आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, "हमें आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करना है, जो हमारे लिए न केवल आर्थिक सशक्तिकरण का प्रतीक होगा बल्कि एक मजबूत और सशक्त राष्ट्र का निर्माण करेगा ।

**प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना:** इस दिशा में, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना का शुभारंभ 15 जुलाई 2015 को किया गया। इस योजना का मुख्य उद्देश्य देश के युवाओं को उद्योग से संबंधित कौशल प्रदान करना है ताकि वे रोजगार के लिए तैयार हो सकें। योजना के अंतर्गत अब तक लाखों युवाओं को विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** एक परमाणु में 9 इलेक्ट्रॉन तथा 10 न्यूट्रॉन है ,उसकी द्रव्यमान संख्या होगी

(ए) 9 (बी) 10
(सी) 18 (डी) 19

**2.** $_{88}Ra^{226}$ (रेडियम) के नाभिक में न्यूट्रॉन और प्रोटॉनों की संख्या क्रमशः है

(ए) 138 एवं 88
(बी) 88 एवं 138
(सी) 226 एवं 88
(डी) 88 एवं 226

**3.** जिस तत्व में के परमाणु में 2 प्रोटॉन , 2 न्यूट्रॉन तथा 2 इलेक्ट्रॉन हों , उस तत्व का द्रव्यमान संख्या कितनी होगी

(ए) 2 (बी) 4
(सी) 6 (डी) 8

**4.** $_{19}K^{4*}$ में इलेक्ट्रॉन की संख्या है -

(ए) 18 (बी) 19
(सी) 20 (डी) 10

**5.** यदि परमाणु की तीसरी कक्षा सबसे बहरी कक्षा हो ,तो इसमे इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या हो सकती है

(ए) 8 (बी) 16
(सी) 18 (डी) 36

**6.** किसी परमाणु की परमाणु संख्या Z है तथा उसकी द्रव्यमान संख्या M है,तो इसके नाभिक में न्यूट्रॉन की संख्या कितनी होगी

(ए) M+Z (बी) M-Z
(सी) M x Z (डी) M/Z

**7.** परमाणु संख्या 17 तथा द्रव्यमान संख्या 35 के एक क्लोरिन परमाणु के नाभिक में होते है

(ए) 18 प्रोटॉन (बी) 18 न्यूट्रॉन
(सी) 35 प्रोटॉन डी) 35 न्यूट्रॉन

**8.** क्रमांक 20 वाले परमाणु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है -

(ए) 2,8,10 (बी) 2,6,8,4
(सी) 2,8,8,2 (डी) 2,10,8

**9.** निम्न में कौन सी इलेक्ट्रॉनिक संरूपण धातु तत्व के लिए है ?

(ए) 2,8,1 (बी) 2,8
(सी) 2,8,8 (डी) 2,8,8,2

**उत्तर** 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(बी) 5.(सी) 6.(बी) 7.(बी) 8.(सी) 9.(डी)

**खबर संक्षेप**

### सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ 27 से

**मंडी अटेली।** खंड सिहमा में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ 27 मई से 2 जून तक चलेगा। जानकारी देते हुए सरपंच प्रतिनिधि प्रमोद यादव ने बताया कि सिहमा में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ होली चौक में शुरू की जाएगा। इन 7 दिनों में कलश यात्रा व ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। 3 जून को सुबह प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### घर से निकला युवक रास्ते में लापता

**नारनौल।** मोटरसाइकिल लेकर घर निकला युवक वापस नहीं लौटा। जिस पर परिजनों ने नांगल चौधरी पुलिस थाना में शिकायत देकर युवक को खोजने की गुहार लगाई है। इस बारे में नवरतन पुत्र होशियार सिंह वासी गांव आंतरी ने नांगल चौधरी पुलिस थाना में दी शिकायत में बताया कि उसका बेटा 21 मई को दोपहर करीब दो बजे मोटरसाइकिल लेकर घर से निकला था, जो घर पर वापस नहीं लौटा। उन्होंने अपने स्तर पर रिश्तेदारी व अन्य जगह पर काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### खोड़ मोड़ के समीप मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**मंडी अटेली।** कस्बे के खोड़ मोड़ के समीप दुकानों के बाहर एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ मिला। पुलिस ने सूचना के आधार पर शव को कब्जे में लेकर नारनौल नागरिक अस्पताल के में शिनाख्त के लिए रखा है। जानकारी के अनुसार मृतक ने लीले रंग की कमीज, स्लेटी रंग की पेंट पहनी हुई है तथा चेहरे पर दाढ़ी है, जिसकी आयु करीब 35 से 40 के बीच बताई जा रही है। मृतक की शिनाख्त नहीं होने के कारण पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल नारनौल के शवगृह में रखवाया है, ताकि शिनाख्त हो सके।

### सड़क हादसे में युवती घायल, केस दर्ज

**मंडी अटेली।** नारनौल-रेवाड़ी सड़क मार्ग पर स्थित खोड़ बाईपास के समीप हुई दुर्घटना में एक लड़की गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को रेवाड़ी के निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी।

## आगजनी के बाद मची अफरा-तफरी, फायर ब्रिगेड को पहुंचने में लगा काफी समय

# कोर्ट के पास ट्रांसफार्मर में भीषण आग, दो गाड़ियां जलकर हुई राख

वकीलों ने फायर ब्रिगेड ऑफिस शहर से बाहर शिफ्ट करने पर सरकार के खिलाफ गुस्सा उतारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

बावल कोर्ट परिसर के पास लगे एक बिजली ट्रांसफार्मर में शुक्रवार दोपहर शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि पास में खड़ी दो कारें और बाइक जलकर राख हो गई। कोर्ट परिसर में अफरा-तफरी मच गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने मौके पर जाकर आग पर काबू पाया। इससे एक कार में लगा सीएनजी सिलेंडर फटने से बच गया। आगजनी के बाद कोर्ट के वकीलों ने फायर ब्रिगेड ऑफिस शहर से बाहर शिफ्ट करने पर सरकार के खिलाफ जमकर गुस्सा उतारा।

कोर्ट परिसर के साथ लगे एक बिजली ट्रांसफार्मर में चिंगारी निकलने के बाद आग लग गई। आग तेजी से फैलती चली गई। आग के विकराल रूप धारण करने के बाद कोर्ट परिसर और पास में सटे बीडीपीओ कार्यालय में अफरा-तफरी मच गई। दोनों परिसरों से लोग बाहर निकलने शुरू हो गए। इसी बीच लोगों ने फायर ब्रिगेड और बिजली निगम को सूचना दी। बिजली निगम की ओर से पावर सप्लाई बंद कर दी गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ी को पहुंचने में समय लग गया। आग पास में खड़ी एक वकील राहुल व कोर्ट आए तेजपाल की स्विफ्ट डिजायर तक पहुंच गई। दोनों गाड़ियां धू-धूकर जलने लगीं। पास में ही खड़ी दो बाइक भी आगजनी की भेंट चढ़ गईं। फायर ब्रिगेड की गाड़ी के मौके पर पहुंचने से पहले ही ट्रांसफार्मर और चार वाहन जलकर राख हो चुके थे। आग लगने का कारण ट्रांसफार्मर के ओवरलोड होने से शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।



रेवाड़ी। ट्रांसफार्मर में लगी आग व जलती कार। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। आग बुझाते हुए दमकल कर्मी। फोटो : हरिभूमि

### कस्बे से दूर स्थित है दमकल केंद्र

आगजनी की घटना के बाद कोर्ट परिसर के वकीलों ने सरकार के खिलाफ दमकल केंद्र शिफ्ट करने पर जमकर गुस्सा उतारा। नगर पालिका प्रधान एडवोकेट विरेंद्र महलावत ने कहा कि कस्बे के लोग फायर सेफ्टी के लिए सरकार को टैक्स अदा करते हैं। दमकल केंद्र को कस्बे से दूर बणीपुर चौक पर शिफ्ट किया है, जिससे गाड़ी को कस्बे में पहुंचने में समय लगता है। अगर गाड़ी समय पर होती, तो नुकसान टल सकता था।



रेवाड़ी। आग से जलकर खाक हुई कार व बाइक। फोटो : हरिभूमि

### पहले भी हो चुका कई बार शॉर्ट सर्किट

कोर्ट के वकीलों ने बताया कि इस ट्रांसफार्मर पर पहले भी कई बार शार्ट सर्किट हो चुका है। बिजली निगम के अधिकारियों ने व्यवस्था ठीक करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाए हैं। ट्रांसफार्मर के कारण बड़ा हादसा होने की आशंका पहले से ही बनी हुई थी, लेकिन निगम की ओर से इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। अगर आग कोर्ट परिसर तक फैल जाती, तो इससे बड़ा हादसा हो सकता था। भारी भीड़ के कारण हादसों की आशंका लगातार बनी रहती है।

### बाजार के लोगों में मचा आग से हड़कंप

ट्रांसफार्मर में लगी आग गाड़ियों तक फैलने से बाजार में भी हड़कंप मच गया। एक गाड़ी में सीएनजी किट लगी हुई थी। लोगों को आशंका थी कि अगर सीएनजी का सिलेंडर फट गया, तो बड़ा हादसा हो जाएगा। आसपास के दुकानदार अपनी दुकानों से निकलकर सुरक्षित ठिकानों की ओर चले गए। फायर ब्रिगेड पहुंचने के बाद बाजार के लोगों ने राहत की सांस ली।



कनीना। उपनागरिक अस्पताल का निरीक्षण करते जिला चिकित्सा अधिकारी रमेश चंद आर्य। फोटो: हरिभूमि

# चिकित्सा अधिकारी ने किया सीएचसी का निरीक्षण

- स्वास्थ्य कर्मचारियों को दिए जरूरी दिशा-निर्देश
- आमजन को हीटवेव से बचाव करने को कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

जिले के प्रवर चिकित्सा अधिकारी डा. रमेश चंद आर्य ने शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग के उप केंद्र बवाना, सीएचसी सेहलंग, पीएचसी भोजावास तथा उपनागरिक अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने अस्पताल की साफ-सफाई, भवन व चिकित्सा सुविधाओं को परखा जो सराहनीय मिली। उन्होंने अस्पताल में दाखिल मरीजों से स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर बात की। चिकित्सकों व अन्य कर्मचारियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अस्पताल में एंटीरेबिज वैक्सीन सहित सभी प्रकार की मेडिसन उपलब्ध हैं। गर्मी में आमजन को जागरूक करते हुए कहा कि वे हीटवेव से बचाव करें। अपने जरूरी कार्य सुबह-सायं करें और घर से बाहर निकलते समय सिर को कपड़े से ढक कर रखें, पानी का अत्यधिक सेवन करें। फिर भी हीटवेव की चपेट में आते हैं, तो सरकारी अस्पताल में जाएं और चिकित्सक की सलाह लें। उन्होंने कहा कि अस्पताल में साफ-सफाई, दवा की उपलब्धता, एक्सरे मशीन का संचालन, मोर्चरी रूम पर विशेष ध्यान दिया गया है। क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए उनकी ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। डिलीवरी केस अस्पताल में ही करवाने के लिए फोकस किया जा रहा है।

### खासपुर में चलाया सफाई अभियान



**नारनौल।** स्पोर्ट्स क्लब खासपुर टीम ने शुक्रवार को बीएसएफ कमांडेंट सुरेंद्र यादव के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया। इस अवसर पर यशवीर यादव व बॉबी देहरान ने बताया कि स्पोर्ट्स क्लब खासपुर व शनि धाम में खरपतवार ज्यादा फैल गई थी। अभियान के तहत सभी युवा साथियों ने मिलकर पौधों में खोदी लगाई व नाली साफ कर पौधों पानी डाला। इस काम में सचिन, हिमांशु, जतिन आदि युवाओं ने योगदान दिया।

# कन्या बचाने की मुहिम के साथ जुड़ें आम लोग : मंजू कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

मोहल्ला सैनीपुरा में कन्या के जन्म पर कुआं पूजन का आयोजन करवाया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रपति अवॉर्डी एवं नगर पालिका की उपप्रधान मंजू कौशिक ने कहा कि सरकार की मुहिम के साथ-साथ आमजन को नारीशक्ति की आवाज बनना पड़ेगा। तभी सही मायने में नारी सशक्त हो पाएगी। उन्होंने कहा कि गर्भ में कन्या भ्रूण की हत्या रोकने में पुरुष से ज्यादा नारी अपने आत्मविश्वास से अहम भूमिका अदा कर सकती है। सैनीपुरा में दीया पत्नी गौरीशंकर ने 29 अप्रैल को जैसे ही एक कन्या को जन्म दिया तो सैनी परिवार ने ऐलान कर दिया कि नवजात कन्या का जन्म पर्व के रूप में लड़के के जन्म से भी अधिक खुशियां मनाकर मनाया जाएगा। वीरवार को देर शाम को नाना आनंद की उपस्थिति में नवजात कन्या की मां का पूरे रीति-रिवाज से लड़के के जन्म से भी बढ़कर कुंआ पूजन करवाया गया। सपरिवार ने ढोल नगाड़ों के साथ नवजात कन्या का जन्म पर्व के रूप में मनाकर समाज को संदेश दिया कि लड़कियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से कम नहीं है। इतना ही नहीं, अंबाला से ननिहाल पक्ष ने भी लड़के के जन्म की तरह छूछक देकर नारी शक्ति का संदेश दिया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद सोनू सैनी व सीमा सैनी ने भी नवजात कन्या को आशीर्वाद देकर इस पुनीत कार्य के लिए बधाई दी।



महेंद्रगढ़। कन्या जन्म को पर्व के रूप में मनाने वाले परिवार को सम्मानित करती मंजू कौशिक। फोटो : हरिभूमि

# मतदान शांति से करवाने के लिए धारा 144 लागू

- मतदान केंद्र से 200 मीटर के दायरे में नहीं किया जाएगा पार्टी का बूथ स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

गुरुग्राम व रोहतक लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली जिले के तीन विधानसभा रेवाड़ी, बावल व कोसली में 25 मई को मतदान होगा। मतदान के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलाधीश राहुल हुड्डा ने सुबह से मतदान प्रक्रिया पूर्ण होने तक धारा 144 लगाने के आदेश जारी किए हैं।

जिलाधीश ने कहा कि उपरोक्त अवधि के दौरान व्यक्तियों का गैरकानूनी रूप से एकत्र होना और सार्वजनिक बैठकें आयोजित करना, लोकसभा आम चुनाव को लेकर जिले की राजस्व सीमाओं के भीतर तनाव, परेशानी, बाधा या व्यक्ति को चोट या मानव जीवन और संपत्ति को नुकसान, सार्वजनिक शांति और सौहार्द में गड़बड़ी पैदा कर सकता है, जिसको ध्यान में रखते हुए दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 144 के तहत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए मतदान प्रक्रिया पूरी होने तक जिले के क्षेत्राधिकार में पांच से अधिक व्यक्तियों के गैरकानूनी रूप से एकत्रित होने तथा सार्वजनिक सभाएं आयोजित करने पर रोक लगाई है।



डीसी राहुल हुड्डा।

डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि इन आदेशों के तहत राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों की ओर से मतदान केंद्र से 200 मीटर की दूरी के भीतर कोई भी बूथ स्थापित नहीं किया जाएगा। ऐसे परिसर से 200 मीटर की दूरी से परे मतदान केंद्रों के ऐसे समूह के लिए उम्मीदवार का केवल एक बूथ होगा, जिनके साथ बूथ पर उन कुर्सियों पर बैठे दो व्यक्तियों को मौसम की स्थिति से बचाने के लिए एक छाता, तिरपाल या कपड़े का टुकड़ा होगा। ऐसे बूथ को कनात या टेंट से घेरा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि किसी भी व्यक्ति को मतदान केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में, जिन्हें मतदान केंद्र पड़ोस कहा जाता है तथा मतदान केंद्र के भीतर मोबाइल फोन व वायरलेस फोन ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी।

यह निर्देश कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी वाले पुलिस अधिकारियों, सुरक्षा कर्मियों, ड्यूटी मजिस्ट्रेटों, चुनाव ड्यूटी पर तैनात सेक्टर अधिकारियों आदि पर लागू नहीं होंगे। इस आदेश का उल्लंघन करने वाला कोई भी व्यक्ति भारतीय दंड संहिता की धारा 188 और अन्य लागू अधिनियमों-नियमों के तहत अभियोजन और दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

# मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को मिलेंगी सभी जरूरी मूलभूत सुविधाएं: उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने कहा कि मतदाताओं की सुविधा का पूरा ख्याल रखते हुए 25 मई को मतदान के दिन विभिन्न प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि मतदान के दिन मतदाताओं को ग्राउंड फ्लोर पर मतदान केंद्र, पेयजल, रैम्प की सुविधा, महिलाओं व पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था, रोशनी व बिजली की सुविधा, मेडिकल किट, मतदान केंद्र पर उचित छाया की व्यवस्था, स्थान व मार्गदर्शन के लिए उचित संकेतक सहित मतदाताओं का गर्मी, हीट वेव व हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए विशेष चिकित्सा व्यवस्था प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं।

### आज व मतगणना के दिन रहेगा ड्राई-डे

लोकसभा आम चुनाव के चलते 25 मई को शाम 6 बजे तक तथा मतगणना के दिन 4 जून को ड्राई-डे रहेगा। भारत के चुनाव आयोग ने सार्वजनिक व्यवस्था और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया के लिए इसे अनिवार्य किया है। इसका उद्देश्य मुफ्त शराब वितरण के माध्यम से मतदाताओं को प्रभावित करने के किसी भी प्रयास को रोकना है। 4 जून को चुनाव परिणाम घोषित होने तक ड्राई-डे जारी रहेगा।


### आज रहेगा पेड होली-डे

डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से राज्य में 25 मई को होने वाले 18वें लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा उप चुनाव को लेकर राज्य सरकार के अधीनस्थ सभी विभागों के कार्यालयों, बोर्ड, कॉर्पोरेशन और शिक्षण संस्थानों में पेड होली-डे रहेगा। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही सभी फैक्ट्रियों, प्राइवेट व्यवसायिक संस्थानों व दुकानों में भी इस दिन कर्मचारियों के लिए पेड होली-डे रहेगा ताकि कर्मचारी अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी कर सकें।

# मजबूत लोकतंत्र के लिए प्रत्येक नागरिक मतदान करे : स्वामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

यंगमैन्स एसोसिएशन आफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित स्वामी ने सभी मतदाताओं से 25 मई को मतदान करने की अपील की है। अमित स्वामी ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व पर अपना मतदान करना बहुत आवश्यक है। मतदान लोकतंत्र की प्राणवायु है। हमारा वोट ही हमारा भविष्य है। चुनाव आयोग ने नागरिकों के लिए मतदान करने की प्रक्रिया समावेशी, सुगम और सहभागी बनाया है। प्रत्येक नागरिक की वोट एक ईमानदार सरकार चुनने तथा लोकतंत्र को मजबूत करने का महत्वपूर्ण आधार है। 18 वर्ष या इससे ऊपर की आयु के नागरिकों को मतदान करने का अधिकार है। इसलिए मजबूत लोकतंत्र व सरकार बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को मतदान करना चाहिए। साथ ही हमें दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करना चाहिए।



अमित स्वामी।

# पक्षियों के लिए रखें पानी के सकोरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। पक्षियों के लिए पानी के सकोरे रखते हुए। फोटो: हरिभूमि

- हम सबको पक्षियों के लिए छतों पर पानी रखना चाहिए

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मांडोला में बेजुबान पक्षियों के लिए पानी के सकोरे रखे। बेजुबान पक्षियों के लिए पानी के सकोरे रखने की शुरुआत मिशन महेंद्रगढ़ अपना जल टीम सदस्य ड्राइंग टीचर सुरेश देवी, डीपीई कृष्ण कुमार, सुरेश खिच्ची व प्रवक्ता रोशनलाल ने की। बेजुबान पक्षियों के लिए पानी के सकोरे रखते समय स्कूल के कार्यवाहक प्रिंसिपल कृष्ण कुमार, प्रवक्ता सुरेश खिंची व मास्टर भूपेंद्र ने कहा कि आज के भौतिक युग में मनुष्य केवल खुद तक सीमित रह गया है, जिसकी वजह से लाखों जीव गर्मी के मौसम में इधर-उधर तड़पते हुए देखे जाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए आज अनेक पानी रखने वाले मिट्टी के बर्तनों में पानी भरकर पेड़ों के आसपास रखे गए हैं। उन्होंने कहा की गर्मी के समय में पक्षियों को दाना पानी उपलब्ध कराना पुण्य का काम माना जाता है। समाज सदस्य सुदेश देवी, प्रवक्ता पुष्पा व मीना देवी ने कहा की आज के युग में अच्छे कार्य करने की कोई सीमा नहीं होती। उन्होंने कहा कि यदि हर व्यक्ति अपने-अपने घरों की छत पर बेजुबान पक्षियों के लिए पानी के सकोरे रखकर उनकी देख-रेख की जिम्मेदारी लें तो हम सब मिलकर बहुत अधिक संख्या में बेजुबान पक्षियों की जान बचा सकते है। उन्होंने स्कूल के सभी विद्यार्थियों से अपने-अपने घरों की छत पर पानी के सकोरे रखने का आह्वान किया ताकि गर्मी के मौसम में सभी पक्षी सुरक्षित रहे। इस अवसर पर सुदेश देवी, मीना देवी, पुष्पा देवी, कृष्ण कुमार, भूपेंद्र कुमार व सोनू आदि उपस्थित थे।

## राहुल हुड्डा ने जोनल मजिस्ट्रेट व सेक्टर मजिस्ट्रेट को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# चुनाव की सफलता अधिकारियों की कार्यकुशलता पर निर्भर: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने कहा कि लोकसभा के महापर्व में सभी जोनल मजिस्ट्रेट व सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित पोलिंग पार्टियां अपनी ड्यूटी का निर्वहन पूरी निष्पक्षता व ईमानदारी से करें ताकि जिले में शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान का लक्ष्य हासिल किया जा सके। उन्होंने जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व पारदर्शी चुनाव सम्पन्न कराने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होने व उनके कर्तव्यों का बोध कराया।



रेवाड़ी। अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए डीसी राहुल हुड्डा।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य जिले में शांतिप्रिय व निष्पक्ष चुनाव करवाना है। डीसी शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में जोनल मजिस्ट्रेट व सेक्टर मजिस्ट्रेट को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव कराना भारत निर्वाचन आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए चुनाव ड्यूटी पर तैनात किए गए सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को आपसी तालमेल व समन्वय से कार्य करते हुए ईमानदारी व निष्पक्षता से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करना होगा। लोकसभा आम चुनाव की सफलता का दारोमदार पूर्ण रूप से अधिकारियों-कर्मचारियों की कार्यकुशलता पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट का कार्य अति महत्वपूर्ण होता है।

### मतदान केंद्रों में वेब कैमरा होना आवश्यक

डीसी हुड्डा ने कहा कि मतदान केंद्रों में कार्यरत ऑफिसर यह सुनिश्चि करें कि 25 मई को लोकसभा चुनाव के दिन मतदान केंद्रों में वेब कैमरा अवश्य लगा हो, साथ ही उनका ड्राई रन भी किया जाए। उन्होंने कहा कि सेक्टर अधिकारी रिटनिंर्ग अधिकारी को वेबकास्टिंग व्यवस्था के निर्देशानुसार कार्य करने का मतदान केंद्र-वार प्रमाण पत्र जमा कराएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर न्यूनतम सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। सेक्टर पदाधिकारी मॉक पोल के दौरान एक ही बूथ पर उपस्थित रहे तथा कम से कम समयावधि के अंतराल में सभी मतदान केंद्रों का लगातार दौरा करें। उन्होंने कहा कि सेक्टर अधिकारी रिटनिंर्ग ऑफिसर या निर्वाचन क्षेत्र सेगमेंट नियंत्रण कक्ष को विभिन्न गतिविधियों जैसे मतदान प्रारंभ होने, मॉक पोल डेटा हटाने, मॉक पोल का समापन, मतदान के दौरान खराब हुई ईवीएम मशीन का बदलाव करना, किसी भी अनुचित घटना की तत्काल सूचना देना व पीठासन अधिकारी के पास रखी विजिट शीट में एंट्री करना की जानकारी दें।

### खराब ईवीएम स्ट्रांग रूम में कराएं जमा

डीसी ने कहा कि सेक्टर अधिकारी सुनिश्चित करें कि पीठासीन अधिकारी की ओर से पोलिंग सामग्री की सूची चुनाव सामग्री जमा करने के दौरान रिसीट सेंटर पर वापस कर दी जाए, जिसमें एरो क्रॉस मार्क रबर स्टैंप, पीठासीन अधिकारी की धातु मुहर, सेल्फ इंकिंग पैड, अमिट स्याही की बोतल व अन्य सभी स्टेशनरी वस्तुएं शामिल हैं। मतदान शुरू होने से पहले खराब हुई ईवीएम को मतदान केंद्रों में न रखकर उनके बाहरी कवर पर मॉक पोल रिप्लेस्ड का स्टिकर चिपकाकर सेक्टर अधिकारी को सौप दें। खराब हुई ईवीएम को अलग-अलग स्ट्रांग रूम में जमा किया जाए। वीवीपैट की बैटरी लो होने पर उसका पावर पैक बदल दें और मतदान समाप्त होने के बाद वीवीपैट को बैटरी को निकालकर बाहर रख लें। बैठक में एसपी शशांक कुमार सावन, एआरओ एवं एसडीएम रेवाड़ी विकास यादव व सीटीएम लोकेश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### मकान के अंदर खड़ी दो बाइक लेकर चोर फरार

धारूहेड़ा। सेक्टर-6 में चोर एक मकान के अंदर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। दिल्ली के मयूर विहार निवासी रविंद्र ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह सेक्टर में अनिल के मकान में किराए पर रहता है। उसने अपनी बाइक मकान के अंदर खड़ी की थी। मौका पाकर चोर उसकी बाइक चोरी कर ले गए। पूछताछ करने पर पता चला कि इसी मकान में रहने वाले राहुल की बाइक भी चोरी हो गई।

**सूचना**

मैं, सुखबीर पुत्र श्री छोटूराम निवासी भाकली मार्ग रेलवे स्टेशन कोसली तह कोसली जिला रेवाड़ी बयान करता हूं मेरा पुत्र वीरजयन्त, उसकी पत्नी पूनम व तीनों बच्चे रचना, प्रीतीका व ध्रुव मेरे कहने सुनने से बाहर हैं तथा मेरे से अलग रहते हैं। मैं इन सभी को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। अब मेरा व मेरे परिवार का इनसे कोई वास्ता व संपर्क नहीं है। भविष्य में किसी प्रकार के लेन देन अथवा व्यवहार के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार गंभीर

**रेवाड़ी।** गोकलगढ़ के निकट एक ट्रक की टक्कर से बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जैनपुरी में रहने वाला मूल रूप से पंजाब के डडोली का रहने वाला रवि बाइक लेकर पटौदी की ओर जा रहा था। नहर के पास एक ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां से उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी।

### मकान की गैलरी में खड़ी बाइक उड़ाई

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 में चोर एक मकान की गैलरी में खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में यूपी के फजलपुर निवासी प्रवीन ने बताया कि वह सेक्टर में किराए के मकान में रहता है। उसने अपनी बाइक मकान की गैलरी में लॉक लगाकर खड़ी की थी। सुबह वह कंपनी में काम पर चला गया। शाम को वापस आने पर उसे बाइक गायब मिली। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### अमानत में खयानत मामले का आरोपी काबू

**कसोला।** थाना कसोला पुलिस ने अमानत में खयानत मामले के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर गत 6 मार्च को केस दर्ज किया था। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने महेंद्रगढ़ के बुडीन निवासी संदीप को गिरफ्तार कर लिया। तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट व धमकी देने के दो आरोपी गिरफ्तार

**डहीना।** थाना खोल पुलिस ने डहीना में गाली-गलौज करने और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घायल के बयान पर 22 अप्रैल को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। मामले में जांच के बाद पुलिस ने अभयसिंह और नरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट से अग्रिम जमानत होने के कारण दोनों को बाद में रिहा कर दिया।

### यादव कल्याण सभा का फ्री जांच कैंप कल

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 26 मई को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें लोगों को ओपीडी सेवाएं व दवाईयां भी प्रदान की जाएगी। प्रवक्ता प्रोफेसर सतीश यादव ने बताया कि शिविर मे डॉ. एसपी यादव मेडिसिन, डॉ. अजय यादव हड्डीरोग, डॉ. अभिनव राव सर्जरी, डॉ. अनिल यादव दंतरोग, डॉ. रमेश यादव नेत्ररोग व डॉ. सुरेंद्र यादव स्त्रीरोग के मरीजों की जांच करेंगे।

### अवैध शराब बेचने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** माडल टाउन थाना पुलिस ने अवैध शराब बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मौहल्ला आनंद नगर निवासी मक्खन लाल के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 27 अध्धे देशी शराब व 1 बोतल बियर बरामद की है। पुलिस को सूचना मिली कि मक्खन लाल अपने किरयाणा स्टोर के काउंटर पर सरेआम अवैध शराब बेच रहा है। पुलिस ने आरोपी को मौके से शराब के साथ काबू कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

### आसलवास नहर में मिला युवक का शव

**रेवाड़ी।** शुक्रवार को गांव आसलवास के पास से गुजर रही नहर में करीब 30 वर्षीय युवक की बॉडी तैरते हुए मिली। राहगीरों ने इसकी सूचना कसोला थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बॉडी को नहर से निकलवाया। एएसआई प्रदीप ने बताया कि मृतक युवक की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। युवक के शव को बावल अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है।

## संवेदनशील और अति संवेदनशील बूथ नहीं, क्रिटिकल 156 बूथों पर रहेगी पुलिस की नजर

# प्रमुख प्रत्याशियों की पूरी हुई तैयारी परीक्षा लेने को आज वोटरों की बारी

- बूथों को क्रिटिकल घोषित करने के पीछे गत लोकसभा चुनावों के दौरान हुई घटनाओं को ध्यान में रखा गया है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


रेवाड़ी। जैन स्कूल में पोलिंग पार्टियों को दिशा-निर्देश देते एसडीएम उदय सिंह।

लगभग 2 माह से प्रचार मैदान में पसीना बहा रहे विभिन्न दलों के प्रत्याशियों की तैयारी पूरी हो चुकी है। 25 मई को बाजी मतदाताओं के हाथ में होगी। गुरूग्राम लोकसभा सीट पर 25.74 लाख मतदाता अपने मत के प्रयोग से प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईवीएम में बंद करेंगे। मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए चुनाव आयोग की ओर से इस बार संवेदनशील और अति संवेदनशील बूथों की बजाय पूरे लोकसभा क्षेत्र में 156 क्रिटिकल बूथ चिन्हित किए गए हैं, जिन पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी।

इस लोकसभा क्षेत्र में 13.62 लाख पुरुष और 12.12 लाख महिला मतदाता अपने मत का प्रयोग कर सकेंगे। निर्वाचन आयोग की ओर से पूरे लोकसभा क्षेत्र में 2481 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। नूंह जिले के पुन्हाना हलके के 9 गांवों में 12 लोकेशन पर 26 क्रिटिकल बूथ चिन्हित किए गए हैं। फिरोजपुर झिरका हलके के 9 गांवों में 10 लोकेशन पर 20 बूथ क्रिटिकल माने गए हैं। नूंह हलके के 9 गांव और नगर परिषद एरिया की 14 लोकेशन पर 34 बूथ क्रिटिकल चिन्हित किए गए हैं। गुरूग्राम के पटौदी में 40, बादशाहपुर में 29, गुरूग्राम में 12 और सोहना हलके में 32 बूथ क्रिटिकल माने गए हैं। रेवाड़ी में 9 बूथ क्रिटिकल घोषित किए गए हैं। पुलिस प्रशासन की इन बूथों पर कड़ी नजर रहेगी। बूथों को क्रिटिकल घोषित करने के पीछे गत लोकसभा चुनावों के दौरान हुई घटनाओं को ध्यान में रखा गया है। इनमें बूथों पर होने वाले झगड़ों और दर्ज की गई एफआईआर को आधार बनाया गया है। क्रिटिकल घोषित किए गए बूथों की वजह भी सूची में शामिल की गई है।

### दिन भर खास समर्थकों से चली चर्चा


भाजपा प्रत्याशी राव इन्द्रजीत सिंह


कांग्रेस प्रत्याशी राज बब्बर


जजपा प्रत्याशी राहुल फाजिलपुरिया


इनेलो प्रत्याशी शोहराब खान

प्रमुख प्रत्याशियों ने प्रचार खत्म होने के कारण शुक्रवार को अपने खास समर्थकों के साथ चर्चा में समय बिताया। कांग्रेस प्रत्याशी राज बब्बर ने गुरूग्राम में रहते हुए वहां मतदान के दिन की रणनीति पर चर्चा की, तो भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने रेवाड़ी निवास पर सुबह के समय ही खास सिपहासालारों से गुफ्तगू की। राज बब्बर के लिए पूरी ताकत लगा रहे पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने जमकर फील्ड वर्क किया। इस दौरान वह अकेले खास समर्थकों के घरों तक पहुंचकर उन्हें पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में तैयार करते नजर आए।

### भारी गर्मी में मतदान प्रतिशत पर जोर

मतदान के दिन शनिवार को भी पारा 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास बने रहने की संभावना है। भारी गर्मी के कारण मतदान प्रतिशत में कमी आने की आशंका को देखते हुए भाजपा प्रत्याशी ज्यादा चिंतित नजर आ रहे हैं। उनके लिए जीत का मार्जिन बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक मतदान जरूरी है। यही कारण है कि राव ने अपने समर्थकों को अधिक से अधिक मतदाताओं को पोलिंग बूथों तक पहुंचाने की खास व्यवस्था करने के निर्देश दिए हुए हैं। अगर वोट प्रतिशत सरकार के पक्ष में बढ़ता है, तो इसका भाजपा प्रत्याशी को फायदा मिलना तय है।


रेवाड़ी। कार्यक्रम में उपस्थित बैंक अधिकारी व ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

## वित्तीय साक्षरता शिविर में दी बैंक योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल

शुक्रवार को सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक शाखा बोलनी में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें नाबार्ड की ओर से प्रदत्त मोबाइल वैन से प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति, अटल पेंशन तथा बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर पूर्व प्रबंधक केके जाटव ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना में वार्षिक प्रीमियम रुपये 436 है तथा इस योजना में किसी बीमा धारक की किसी भी तरह से मृत्यु हो जाती है तो उसे दो लाख का क्लेम मिलेगा। वित्तीय साक्षरता सलाहकार जय सिंह दहिया ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में अगर किसी की एक्सीडेंट में मृत्यु हो जाती है तो उसे भी दो लाख रुपये मिलेंगे। अगर किसी ने दोनों पॉलिसी ले रखी है तो उसे चार लाख रुपए मिलेंगे। इस अवसर पर शाखा बोलनी के सभी सदस्य तथा ग्रामीण मौजूद थे।

### घर से निकला युवक लापता

**नारनौल।** मोटरसाइकिल लेकर घर निकला युवक वापस नहीं लौटा। जिस पर परिजनों ने नांगल चौधरी पुलिस थाना में शिकायत देकर युवक को खोजने की गुहार लगाई है। इस बारे में नवरतन पुत्र होशियार सिंह वासी गांव आंतरी ने नांगल चौधरी पुलिस थाना में दी शिकायत में बताया कि उसका बेटा 21 मई को दोपहर करीब दो बजे मोटरसाइकिल लेकर घर से निकला था, जो घर पर वापस नही लौटा। उन्होंने अपने स्तर पर रिश्तेदारी व अन्य जगह पर काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला।

## संस्था सदस्यों ने नागरिकों को मतदान करने के लिए किया प्रेरित


रेवाड़ी। लोगों को मतदान के लिए जागरूक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

भारत के लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए अभिराज संस्था कीओर से ऐतिहासिक जयपुर गेट पर जागरूकता अभियान चलाया गया। संस्था के सदस्यों ने नागरिकों से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी धर्मवीर बडोदिया ने कहा कि सभी मतदाता मतदान करें और लोकतंत्र का मान बढ़ाएं। इस अवसर पर डा. आर के शर्मा, ईश्वरी प्रसाद, राजेश शर्मा, राजेश भगत, ईश्वर सैनी, मनीष सैनी, कपिल गुप्ता, साहिल व विष्णु उपस्थित थे। अभिराज सांस्कृतिक संस्था के निदेशक अभिषेक सैनी ने सभी का धन्यवाद किया।



रेवाड़ी। सेक्टर-1 में हवन करते हुए फाउंडेशन के पदाधिकारी तथा कार्यक्रम में प्रस्तुति देते हुए संस्था की टीम। फोटो : हरिभूमि

## छिपी हुई कला को निखारना व अभिनय को मंच पर लाना उद्देश्य : भगवान

- हवन करके रेवती फाउंडेशन का शुभारंभ किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सेक्टर-1 हवन करके रेवती फाउंडेशन का शुभारंभ किया गया। रेवती फाउंडेशन के निदेशक भगवान सिंह ने बताया कि कार्पोरेट कार्य मंत्रालय भारत सरकार के माध्यम से रेवती फाउंडेशन का पंजीकरण कराया गया है। फाउंडेशन का उद्देश्य उभरती हुई कला, प्रतिभाओं व संगीत को तरासना एवं छिपे हुए अभिनय को मंच पर लेकर आना है। इसके साथ-साथ फाउंडेशन सरकार की ओर से चलाई जा रही स्वच्छ भारत मिशन अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, महिला सशक्तिकरण एवं जल जीवन मिशन सहित अनेक योजनाओं के प्रति जागरूकता के लिए गांव-गांव जाकर नुक्कड़ नाटक एव संगीत के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का कार्य भी करेगी। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन की ओर से 1 जून से 10 जून तक सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जिले से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के संगीतकार एवं कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते है। सेमिनार के लिए निःशुल्क पंजीकरण फाउंडेशन की मेल आईडी रेवतीफाउंडेशन@ जीमेल.कॉम पर कर सकते हैं।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर पुलकित, मयंक सैनी, विक्की, कुशागर, शालनी, रीतू, मनोज शर्मा, सन्नी, रोय, हिमानी, मनोज जाटू सुमित, विपिन, ध्रुव, साक्षी, यशदीप, गौरव, संदीप, आकाश, मोहित व डुग्गू मौजूद थे।

## हिमाचल प्रदेश से पकड़ा सुल्फा सप्लाई करने का आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

कोसली के नाहड़ रोड पर 20 मई को एक कार में 974 ग्राम सुल्फा के साथ पकड़े गए दो आरोपियों में पूछताछ के बाद कोसली पुलिस ने हिमाचल प्रदेश से सुल्फा आपूर्ति करने वाले एक व्यक्ति को तीन किलोग्राम सुल्फे के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी देवेंद्र ने बताया कि वह अवैध सुल्फा हिमाचल प्रदेश के कुल्लु जिले के रामपुर निवासी भीमसेन से लेकर आते हैं। पुलिस ने देवेन्द्र के मोबाइल फोन से काल कराकर भीमसेन को हिमाचल प्रदेश के एक स्थान पर सुल्फा लेकर आने को कहा। पुलिस आरोपी देवेन्द्र को साथ लेकर हिमाचल प्रदेश पहुंची, जहां भीमसेन कार में समतेच फ्लाई ओवर सोलन पर मिला। पुलिस ने आरोपर भीमसेन को 3 किलो 110 ग्राम सुल्फें के साथ काबू कर लिया। पुलिस ने सुल्फे को कब्जे में लेकर संबंधित क्षेत्र के प्रबंधक अफसर थाना सदर सोलन को अवगत कराया तथा आरोपी भीमसेन निवासी गांव झलेर थाना निरमंड जिला कुल्लू हिमाचल प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया।

## जहां पुलिस चौकी, वहीं से एक रात में दो कार चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


नारनौल। सीसीटीवी फुटेज में कैद चोरी करके लेकर जाते दो गाड़ी।

शहर का सबसे पॉश एरिया हुडा सेक्टर है। यहां अनहोनी ना हो, इसके लिए पुलिस विभाग ने बकायदा पुलिस चौकी तक स्थापित की हुई है। बावजूद इसके एक ही रात में दो अलग-अलग जगह से दो गाड़ी चोरी हो गई। दोनों गाड़ियों को चुराने वाले चोर एक ही गिरोह के थे। कारण, पुलिस छानबीन में सीसीटीवी कैमरा में कैद मिली तस्वीरों में दोनों गाड़ियों को एक साथ चुराकर चोर लेकर जा रहे है। फिलहाल पुलिस ने आईपीसी की धारा 379 के तहत सिटी थाना में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महावीर पुलिस चौकी में दी शिकायत में विनय गर्ग ने बताया है कि उसके पास इनोवा क्रिस्टा सिल्वर कलर की गाड़ी है। वह वीरवार की रात करीब साढ़े नौ बजे शोरूम से चलकर घर पहुंचा था। मकान के बगल में खाली प्लाट में गाड़ी खड़ी की। रोजमर्रा की तरह अगले दिन शुक्रवार सुबह सात बजे उठा तो गाड़ी नहीं थी। उसी जगह परिवार की अन्य बाकी तीन गाड़ियां खड़ी थी। आस-पास लोगों से पूछताछ के बाद पुलिस को सूचित किया। फिर पुलिस आई और आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरा में फुटेज देखी।

## वोट का सदुपयोग करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य : कुलपति

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी



इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के कुलपति प्रो. जेपी यादव ने सभी युवाओं, शिक्षकों व गैर-शिक्षक कर्मचारियों को मतदान के महत्व के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है, मतदान पर्व एक यज्ञ की तरह है, जिसमें प्रत्येक नागरिक को बढ़-चढ़कर अपनी आहुति डालनी चाहिए। सभी नागरिकों को अपने मतदान का सदुपयोग करते हुए निर्भीक होकर, जाति, धर्म, वर्ग, भाषा, समुदाय अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। सभी को एकजुटता की नई सोच के साथ आगे कदम बढ़ाने चाहिए ताकि एक अच्छे राष्ट्र का निर्माण हो सकें। वोट का सदुपयोग करना प्रत्येक भारतीय नागरिक का कर्तव्य होना चाहिए। इस अवसर पर शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारियों सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

**सहयोग** मतदाता जागरूकता के लिए एक महीने चले कार्यक्रमों में प्रशासन के साथ विद्यार्थियों व संगठनों का रहा सहयोग

## स्वीप अभियान में साहित्यकारों व कलाकारों का रहा उल्लेखनीय योगदान

- जिले के प्रबुद्धजनों ने अपने संदेश के माध्यम से आमजन को मतदान करने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। मतदाता जागरूकता रैली निकलते विद्यार्थी तथा ग्रामीणों को मतदान करने की शपथ दिलाते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी राहुल हुड्डा के मार्गदर्शन में जिले में गत एक माह से चल रहे मतदाता जागरूकता के बहुआयामी स्वीप महाभियान में सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की प्रचार टीम, रचनाकार तथा कलाकार मतदाताओं को जागरूक करने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है। जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने मतदाताओं से 25 मई को इस महायज्ञ में अधिक से अधिक मतदान करके आहुति डालने की अपील की है। स्वीप कार्यक्रम की जिला नोडल अधिकारी व अतिरिक्त उपायुक्त अंजलि अनुपमा के संयोजन में पिछले एक माह के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अभियान में देसी रॉकस्टार के नाम से चर्चित गायक एमडी ने युवा वोटर्स को मतदान के लिए प्रेरित किया, वहीं सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की भजन मंडली के कलाकारों ने गांव-गांव जाकर हरियाणवी गीतों व रागनियों के माध्यम से ग्रामीण मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। साहित्यकार एवं प्राचार्य सत्यवीर नाहड़िया ने हरियाणवी नाटक 'बोट घणी सै कीमती' के अलावा करीब आधा दर्जन हिंदी तथा हरियाणवी गीत लिखकर इस महायज्ञ में आहुति डाली, जिन्हें रेडियो सिंगर दलबीर सिंह फूल व युवा गायक मुकेश काले ने स्वर तथा डीआईपीआरओ दिनेश कुमार ने वीडियो संपादन किया। वरिष्ठ रंगकर्मी सतीश मस्तान की निर्देशन में छात्राओं ने नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से भी मतदाताओं को प्रेरित किया। स्वीप कार्यक्रमों में जिले के अनेक साहित्यकारों एवं कलाकारों ने भी बढ़-चढकर हिस्सा लिया, जिनमें पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी धर्मबीर बल्ड़ोदिया, मुकुट अग्रवाल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय माजरा मुत्सिल भालखी के प्रवक्ता सुधीर यादव, प्रवक्ता डा.प्रवीण कादियान, मनोज कौशिक करनावास, मुरारीलाल सोनी, मीना, प्रदीप कुमार, प्रीति लांबा व प्रवक्ता ज्योत्सना यादव के नाम शामिल है। अभियान के अंतर्गत मतदान के बाद उंगली पर लगी स्याही के साथ सेल्फी अपलोड करने वाले मतदाताओं के लिए जिला स्तर पर लक्की ड्रा की योजना भी प्रारंभ की गई है। जिला शिक्षा विभाग की देखरेख में विद्यार्थियों की ओर से जागरूकता रैली के अलावा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। जिले के प्रबुद्धजनों ने अपने संदेश के माध्यम से आमजन को मतदान करने के लिए प्रेरित किया तथा अनेक सामाजिक संगठनों ने भी प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान में सहयोग किया।

### सड़क हादसे में घायल कंपनी कर्मचारी की मौत

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-4 के कट के पास 18 मई को कार की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए एक कंपनी कर्मचारी की फरीदाबाद के अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद कार चालक की तलाश शुरू कर दी। भिवाड़ी के समतल चौक पर रहने वाला मूल रूप से यूपी के भूसी निवासी 31 वर्षीय रविशंकर 18 मई को अपने दोस्त से मिलने के लिए बाइक लेकर धारूहेड़ा आया था।

#### मां के बाद पिता का साया भी उठा

रविशंकर की पत्नी का देहांत करीब 8 माह पहले हो गया था। इसके बाद उसके दोनों बेटों की परवरिश का जिम्मा रविशंकर ही उठा रहा था। अब उसकी मौत के बाद दोनों बच्चों के सिर से मां और बाप दोनों का साया उठ गया है। परिवार के अन्य सदस्यों के सिर पर दुखों का पहाड़ टूट गया है।